# मफिप्रिस्टोन

हाल ही में **अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय** ने गर्भपात विरोधी समूहों की एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसका उद्देश्य गर्भपात की गोली **"मफिप्रिस्टोन"** के लिये **खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration's- FDA)** की मंज़ूरी को रद्द करना था।

- मफिप्रिस्टोन एक दवा है जिसका उपयोग **प्रोजेस्टेरोन हार्मोन को अवरुद्ध करके और गर्भाशय ग्रीवा** को फैलाकर **गर्भावस्था को समाप्त करने के लिये** किया जाता है।
- इसे आमतौर पर संकुचन प्रेरित करने और **10 सप्ताह** के भीतर गर्भावस्था को समाप्त करने के लिये **मिसोप्रोस्टोल** के साथ लिया जाता है। इस गोली की सफलता दर **97.4%** है।
- **भारत का गर्भपात कानून:**
    - **IPC की धारा 312 के तहत महिला की जान बचाने के अलावा गर्भपात कराना अपराध** माना जाता है। अगर महिला खुद गर्भपात कराने की कोशिश करती है तो वह भी इस धारा के तहत आती है।
    - सुरक्षित गर्भपात की अनुमति देने के लिये **मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) अधिनियम, 1971** पेश किया गया था। संशोधित **अधिनियम (2021)** के अनुसार **20 सप्ताह तक** की गर्भावस्था हेतु एक डॉक्टर की राय की आवश्यकता होती है और**20 से 24 सप्ताह** की गर्भावस्था हेतु दो डॉक्टरों की राय की आवश्यक होती है।
    - 20 सप्ताह के बाद गर्भपात कराने वाली **अविवाहित महिलाओं को विशिष्ट प्रावधानों** के अभाव के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
    - **'गर्भपात' शब्द का प्रयोग केवल तब किया जाता है जब गर्भावस्था के पहले तीन महीनों के भीतर अंडाणु निष्कासित** हो जाता है।
        - दूसरी ओर **'गर्भपात' शब्द का प्रयोग तब किया** जाता है जब भ्रूण को गर्भावस्था के **चौथे से सातवें महीने के बीच,** जीवित रहने से पहले ही बाहर निकाल दिया जाता है।

# गर्भपात कानून

गर्भपात गर्भ का जानबूझकर किया गया समापन है, जो आमतौर पर गर्भधारण के पहले 28 सप्ताह के दौरान किया जाता है।



## भारत में गर्भपात कानून

### भारतीय दंड संहिता (IPC), 1860 (धारा 312)

- **अपराध:** स्वेच्छा से गर्भपात पर
- **अपवाद:** माँ की जान बचाने पर लागू नहीं होता है
- **सज़ा:** कारावास या ज़ुर्माना या दोनों

### गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम (MTP), 1971

- **आधार:** शांतिलाल शाह समिति, 1964
- **वैध गर्भपात के लिये आधार:**
  - वैवाहिक बलात्कार
  - महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना
  - मातृ मृत्यु दर कम करना
  - शारीरिक या मानसिक अप्रसामान्य शिशु
  - बलात्कार या गर्भनिरोधक विफलता से गर्भधारण

### MTP संशोधन अधिनियम, 2021

- वैवाहिक स्थिति की परवाह किये बिना गर्भपात की अनुमति
- **कानूनी गर्भपात के लिये पात्र मानदंड:**
  - यौन उत्पीड़न, बलात्कार, अनाचार से बचे लोग या नाबालिग (Incest or Minor)
  - गर्भावस्था के दौरान वैवाहिक स्थिति में परिवर्तन (विधवा और तलाक)
  - शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग महिलाएँ (दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार)
  - भ्रूण की विकृति या शिशु में अप्रसामान्य जोखिम
  - आपदा/आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाएँ

### न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ मामला, 2017

- उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के तहत महिलाओं के प्रजनन के चुनाव को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के रूप में मान्यता प्रदान की।

| Time Since Conception | MTP Act, 1971 | MTP (Amendment) Act, 2021 |
|---|---|---|
| Up to 12 weeks | On the advice of one doctor | On advice of one doctor |
| 12 to 20 weeks | On advice of two doctors | On advice of one doctor |
| 20 to 24 weeks | Not allowed | On advice of two doctors for special categories of pregnant women |
| More than 24 weeks | Not allowed | On advice of medical board in case of substantial fetal abnormality |
| Any time during the pregnancy | On advice of one doctor, if immediately necessary to save pregnant woman's life | On advice of one doctor, if immediately necessary to save pregnant woman's life |

## अन्य देशों में गर्भपात

### निम्न देशों में गर्भपात को अपराध घोषित किया गया

- **पूर्ण प्रतिबंध:** अण्डोरा (Andorra), माल्टा और वेटिकन राज्य
- **कुछ अपवादों के साथ प्रतिबंध:** पोलैंड, ब्राज़ील, चिली और अर्जेंटीना

### निम्न देशों ने गर्भपात को वैध माना है:

- **फ्राँस स्वैच्छिक गर्भपात को संवैधानिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित करने वाला** एकमात्र देश है
- **आयरलैंड:**
  - **स्थिति:** गर्भावस्था के 12 सप्ताह के भीतर
  - **सज़ा:** 14 वर्ष का कारावास
- **न्यूज़ीलैंड:**
  - **स्थिति:**
    - गर्भावस्था के 20 सप्ताह के भीतर (यदि जीवन खतरे में हो)
    - दो डॉक्टरों की स्वीकृति अनिवार्य है

Drishti IAS

**और पढ़ें: गर्भपात**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mifepristone